# Dynamic Cables Limited

(Govt Recognised STAR Export House)
(An ISO 9001:2015,14001:2015 & 45001:2018 Company)


www.dynamiccables.co.in

**Date: March 18, 2023**

**To,**

**BSE Limited,**
**Phiroze Jeejeebhoy Towers,**
**Dalal Street,**
**Mumbai-400001**
**Scrip Code: BSE-540795**

**National Stock Exchange of India Ltd**
**Exchange Plaza, 5th Floor, Plot No. C/1**
**G-Block, Bandra-Kurla Complex,**
**Bandra(East) Mumbai-4000501**
**Trading Symbol: DYCL**

**Sub: Newspaper Advertisement for dispatch of Notice of Postal Ballot.**

Pursuant to Regulation 47 of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we enclosed herewith copies of Notice published in Economic Times (English) and Business Remedies (Hindi) Newspaper, for dispatch of Notice of Postal Ballot on March 18, 2023.

The same is also made available on the website of the Company at www.dynamiccables.co.in

Kindly take on record the same and oblige us.

Thanking you,
**For Dynamic Cables Limited**

Naina Gupta

Digitally signed by Naina Gupta
DN: c=IN, o=Personal, postalCode=324009, st=Rajasthan,
2.5.4.20=9eab13add3acd5910efde64649c4e630811451f7968dc1a9d12069b53a6627ad,
pseudonym=9EDF620833D8A20398C844A04E83294431DC9CE1,
serialNumber=E6970B88C980CD51554F76744A7403911E542519AB81034C7CAE541DAD4EA095, cn=Naina Gupta
Date: 2023.03.18 15:51:53 +05'30'

**Naina Gupta**
**Company Secretary and Compliance Officer**
**M. No. A56881**
**Encl.: as above**

HT Upto 66KV & LT Aerial Bunched, Power, Control & Railway Signalling Cables, ACSR/AAC / AAAC / MVCC Conductors / EV Charging Cables.




CIN: L31300RJ2007PLC024139
Regd. Office & Unit-1: F-260, Road No.13, VKI Area, Jaipur-302013 (INDIA)
Ph: +91 141 2262589, 4042005 | Fax: +91 141 2330182 | Email:info@dynamiccables.co.in

## निफ्टी फ्यूचर 17404 अंक अहम स्तर...!!!

**दिनांक 20.03.2023 शेयर बाजार में ट्रेडिंग के संबंध में....**

दिनांक 17.03.2023 पर निफ्टी फ्यूचर क्लोजिंग प्राइस @ 17178 पॉइंट पर :-

अगले कारोबार के लिए संभवित निफ्टी फ्यूचर 17373 अंक के मजबूत स्टॉपलॉस के साथ सबसे महत्वपूर्ण स्तर 17070 - 17007 – 16939 अंक को छू सकता है निफ्टी फ्यूचर में प्रति यात्मक के लिए 17404 रुपये का महत्वपूर्ण स्टॉपलॉस के साथ सावधानी की स्थिति....!!!

दिनांक 17.03.2023 पर बैंक निफ्टी फ्यूचर क्लोजिंग प्राइस @ 39740 पॉइंट पर :-

अगले कारोबार के लिए संभवित निफ्टी फ्यूचर 40044 अंक के मजबूत स्टॉपलॉस के साथ सबसे महत्वपूर्ण स्तर 39707 - 39575 - 39404 अंक को छू सकता है निफ्टी फ्यूचर में प्रतिक्रियात्मक के लिए 40404 रुपये का महत्वपूर्ण स्टॉपलॉस के साथ सावधानी की स्थिति....!!!

अब नजर डालते हैं फ्यूचर्स स्टॉक सम्बंधित मूवमेंट पर...!!

**हेवेल्स इंडिया ( 1198 ) :-** कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ग्रुप की इस अग्रणी कंपनी के शेयर की कीमत फिलहाल 1170 रुपये के आसपास है। 1155 रुपये के सख्त स्टॉपलॉस के साथ खरीदा जा सकने वाला यह स्टॉक 1209 से 1216 रुपये की निर्धारित लक्ष्य की संभावना है...!! 1223 रुपये पर तेजी का रुख दिखाएगा...!!

**टाटा केमिकल्स ( 966 ) :-** तकनीकी चार्ट के अनुसार 944 रुपये के आसपास सकारात्मक ब्रेकआउट!! 930 रुपये के सपोर्ट से खरीदा जा सकने वाला यह स्टॉक 978 रुपये से 990 रुपये तक के लक्ष्य भाव की संभावना है...!!

**ल्युपिन लि. ( 660 ) :-** फार्मास्युटिकल्स सेक्टर के शेयर में 676 रुपये से 683 रुपये तक की शॉर्ट टर्म तेजी का रुख



**निखिल भट्ट**
**रिसर्च एनालिस्ट, सेबी पंजीकृत**



दिखाएगा, 633 रुपये के अनुमानित सख्त स्टॉपलॉस का पालन करेंज!!

**जिंदल स्टील ( 575 ) :-** आयरन एन्ड स्टील सेक्टर के शेयर में 588 रुपये से 593 रुपये तक की शॉर्ट टर्म तेजी का रुख दिखाएगा, 560 रुपये के अनुमानित सख्त स्टॉपलॉस का पालन करें!!

**अरबिंदो फार्मा ( 480 ) :** 01 रुपये का फेसवैल्यू का फंडामेंटल स्ट्रॉन्ग यह स्टॉक करीब 464 रुपये स्टॉप लॉस के साथ खरीदा जा सकने वाला फार्मास्युटिकल्स सेक्टर के इस स्टॉक में लगभग 488 रुपये से 494 रुपये तक लक्ष्य की संभावना है!!!

**अदानी एंटरप्राइजेस ( 1888 ) :-** तकनीकी चार्ट के अनुसार ट्रेडिंग - मिनेरल सेक्टर के इस शेयर पर बिकवाली होने की संभावना के साथ 1833 रुपये से 1808 रुपये के आसपास लक्ष्य भाव की संभावना है । प्रतिक्रियात्मक के लिए 1930 रुपये का स्टॉपलॉस ध्यान में रखें...!!!

**टीवीएस मोटर ( 1046 ) :-** इस शेयर को 1088 / 1094 रुपये के आसपास ओवरबोट स्थिति दर्ज करते हुए बिकवाली की संभावना के साथ इसकी कीमत 1027 रुपये से 1019 रुपये के मूल्य स्तर के आसपास लक्ष्य की संभावना है...!!! 1108 रुपये के स्तर पर एक तेजी का माहोल..!!

**भारती एयरटेल ( 759 ) :-,** टलेकोम- सेलुलर फिक्स्ड लाइन सर्विस सेक्टर का यह स्टॉक 779 रुपये के स्टॉपलॉस के साथ बेचकर 747 रुपये से 740 रुपये के मूल्य स्तर के आसपास लक्ष्य की संभावना है...!!

**टाटा मोटर्स ( 421 ) :-** पेसेंजेर कार एन्ड यूटिलिटी वेहिकल सेक्टर के इस शेयर को करीब 447 रुपये स्टॉपलॉस के साथ बेचकर 404 रुपये से 397 रुपये का टारगेट प्राइस रहने की संभावना है। ट्रेडिंग के लिए 460 रुपये का सख्त स्टॉपलॉस का पालन करें!!!

**भारत पेट्रोलियम ( 353 ) :-** इस शेयर को करीब 364 / 370 रुपये का स्टॉपलॉस साथ बेचकर की टारगेट प्राइस 344 रुपये से लेकर 337 रुपये तक रहने की संभावना है। 377 रुपये पर तेजी का रुख दिखाएगा...!!!

**लेखक सेबी पंजीकृत अनुसंधान विश्लेषक और इन्वेस्टमेंट पॉइन्ट के मालिक हैं।**

**विशेष नोटः- डिस्कलमर / नीति / शर्तें www.nikhilbhatt.in के अधीन...!!!**

**नोटः शेयरों में निवेश करने से पूर्व निवेशको को वित्तीय सलाहकारी की सलाह लेनी चाहिए।**

# सेंसेक्स 355 अंक बढ़कर 57989 के स्तर पर हुआ बंद

**बिजनेस रेमेडीज/मुंबई।** ग्लोबल मार्केट से मिले पॉजिटिव संकतों के बाद शुक्रवार (को भारतीय शेयर बाजार में भी बढ़त देखने को मिली। सेंसेक्स करीब 600 अंक चढ़कर खुला और दिन के निचले स्तर 57,503 तक पहुंचा, लेकिन आखिरी घंटों में बाजार में रिकवरी देखने को मिली और यह 355 अंक या 0.62% मजबूती के साथ 57,989 पर बंद हुआ।




निफ्टी भी 139 अंक की तेजी के साथ 17,125 के स्तर पर बंद हुआ। इसके 37 शेयरों में खरीदारी और 13 में बिकवाली रही। बाजार की इस तेजी में रियल्टी, मेटल, आईटी और बैंकिंग स्टॉक्स सबसे आगे रहे। एनएसई के रियल्टी इंडेक्स में 3.03%, मेटल में 2.39% और आईटी में 1.18% की मजबूती रही। निफ्टी बैंक में 1.19% और प्राइवेट बैंक 1.13% तक चढ़े। अडाणी ग्रुप के 10 शेयरों में 7 में तेजी रही। फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर करीब 1.64% चढ़ा। पोर्ट में 0.21% की तेजी रही। ग्रीन एनर्जी और ट्रांसमिशन के शेयर में 5% का अपर सर्किट लगा। विल्मर में 1.63%, टोटल गैस 0.96% और पावर के शेयर में 0.60% की बढ़त रही। ग्रुप की सीमेंट कंपनी ACC में 1.19% रही। अंबुजा सीमेंट फ्लैट बंद हुआ। NDTV 1.08 गिरा है।

एचडीएफसी लिमिटेड और एचडीएफसी बैंक के मर्जर को को एनसीएलटी (राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण) से मंजूरी मिल गई है। बीते साल अक्टूबर महीने में एनसीएलटी ने मर्जर के प्रपोजल को मंजूरी देने के लिए शेयरहोल्डर्स की बैठक बुलाने की अनुमति दी थी। अमेरिका को फर्स्ट रिपब्लिक बैंक को बचाने के लिए कुछ बैंकों ने 30 बिलियन डॉलर का रेस्क्यू पैकेज बनाया है। इस कारण गुरुवार को अमेरिका के स्टॉक मार्केट में तेजी देखने को मिली। डाउ जोन्स 371.98 अंक बढ़कर 32,246.55 के लेवल पर बंद हुआ। S&P 500 इंडेक्स में 68.35 अंकों की तेजी रही। यह 3,960.28 के लेवल पर बंद हुआ। नैस्डैक कंपोजिट 283.23 अंकों या 2.48 बढ़त के साथ 11,717.28 के लेवल पर बंद हुआ।

भारतीय शेयर बाजार में गुरुवार (16 मार्च) को बढ़त देखने को मिली थी। सेंसेक्स 79 अंक बढ़कर 57,635 के स्तर पर बंद हुआ था। निफ्टी भी 13 अंक चढ़ा था, यह 16,985 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 में से 17 शेयरों में बढ़त और 13 में गिरावट रही।

गुरूवार के कारोबार में फॉरेन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एफआईआई) नेट सेलर्स रहे। हीं इस दौरान डोमेस्टिक इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (डीआईआई) नेट बायर्स रहे। एनएसई पर उपलब्ध प्रोविजनल डेटा के अनुसार एफआईआई ने बाजार में 282.06 करोड़ रुपए की बिकवाली की।

## फोनपे को वॉलमार्ट से मिला 20 करोड़ डॉलर का अतिरिक्त फंड

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** वित्तीय प्रौद्योगिकी मंच फोनपे ने कहा कि उसने 12 अरब डॉलर के निवेश या वित्तपोषण से पहले के मूल्यांकन (प्री-मनी वैल्यूएशन) पर वॉलमार्ट से अतिरिक्त 20 करोड़ डॉलर (करीब 1,649 करोड़ रुपए) की प्राथमिक पूंजी जुटाई है। पिछले वर्ष अपना मुख्यालय भारत स्थानांतरित करने के बाद से फोनपे एक अरब डॉलर तक की पूंजी जुटाने की कवायद कर रही है। यह नया वित्तपोषण भी उसी का हिस्सा है। फोनपे ने एक बयान में कहा कि इस वित्तपोषण के साथ कंपनी विभिन्न वैश्विक निवेशकों से 65 करोड़ डॉलर (लगभग 5,360 करोड़ रुपए) जुटा चुकी है। निवेश या वित्तपोषण से पहले का 12 अरब डॉलर का मूल्यांकन वॉलमार्ट के स्वामित्व वाली फोनपे को देश की सबसे मूल्यवान वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) कंपनी बनाता है। बयान में कहा गया, ''कंपनी को और निवेश मिलने की उम्मीद है जिनके बारे में घोषणा आने वाले समय में की जाएगी।

## गुजरात में चिप विनिर्माण कारखाना दो-ढाई साल में चालू करने का प्रयासः अनिल अग्रवाल



**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** अरबपति उद्यमी और वेदांता समूह के मुखिया अनिल अग्रवाल ने शु वार को कहा कि उनका समूह भारत में चिप बनाने की गुजरात में प्रस्तावित अपनी संयुक्त उद्यम परियोजना को दो-ढ़ाई साल के अंदर खड़ी कर के उसमें उत्पादन चालू करना चाहता है। अग्रवाल ने कहा कि उनका प्रयास चिप फैक्ट्री के साथ-साथ कंप्यूटर प्रणालियों में मस्तिष्क का काम कराने वाले माइक्रो चिप्स के विनिर्माण के पारिस्थितकी तंत्र को भी विकसित करेगी।

अग्रवाल ने भारत में वेदांता-फॉक्सकॉन चिप निर्माण संयंत्र की संभावना के बारे में कहा, ''हमने गुजरात को चुना है। वहां की जमीन और बुनियादी सुविधाएं वास्तव में अच्छी हैं। हमारा प्रयास है कि चिप का उत्पादन दो-ढाई वर्ष में शुरू हो जाए। इसके साथ साथ हम इसमें सहायक पारिस्थितिकी तंत्र का भी विकास करना चाहते हैं।

उल्लेखनीय है कि वेदांता ने देश की पहली सेमीकंडक्टर निर्माण सुविधा स्थापित करने के लिए पिछले साल ताइवान की कंप्यूटर चिप बनाने वाली दिग्गज कंपनी फॉक्सकॉन के साथ एक संयुक्त उद्यम का समझौता किया था। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पिछले दिनों कहा था कि सरकार भारत में माइक्रो चिप फैक्ट्री की स्थापना के लिए प्राप्त प्रस्तावों पर फैसला दो एक सप्ताह में कर सकती है। वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड के अध्यक्ष अग्रवाल ने कहा कि अक्षय ऊर्जा और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण सहित विभिन्न क्षेत्रों में देश की मजबूत प्रगति का हवाला देते हुए भारत को पहले विश्व राष्ट्र के रूप में गिना जाना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार को भारत को अन्य आर्थिक महाशक्तियों के बीच पहुंचाने का श्रेय देते हुए कहा कि ऐसे दो क्षेत्र हैं नवीकरणीय और हाइड्रोजन-संचालित ऊर्जा के उपयोग के क्षेत्र में भारत उल्लेखनीय रूप से आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा कि चिप निर्माण क्षमता भारत को बदल देगी। भारत ने कई चुनौतियों के बावजूद सेमीकंडक्टर चिप्स विकसित करने के लिए एक ठोस रोडमैप बनाया है। चिप ऑटोमोबाइल से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स सामान तक में अति ममत्वपूर्ण अभिन्न अंग हैं। उन्होंने कहा कि भारत में चिप निर्माण एक सपना था जो इस सरकार की दृष्टि के कारण वास्तविकता में बदल गया है।

# टीसीएस के नए सीईओ को ग्राहक आपूर्ति दोगुना होने का भरोसा

**बिजनेस रेमेडीज/मुंबई।** सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के मनोनीत मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के कृतिवासन ने शुक्रवार को कहा कंपनी की कार्य संस्कृति में नए प्रमुख के कार्यभार संभालने पर महत्वपूर्ण रणनीतिक बदलाव नहीं होते हैं। वह ग्राहक आपूर्ति बढ़ाने को लेकर आशान्वित हैं।

टीसीएस के छह साल से सीईओ रहे राजेश गोपीनाथन ने बृहस्पतिवार को अपने इस्तीफे की घोषणा की। गोपीनाथन के दूसरे कार्यकाल में चार



साल से अधिक का समय बाकी था। वह 15 सितम्बर को अपना पद छोड़ देंगे।

कंपनी ने कहा कि उसके बीएसएफआई श्रेणी के अध्यक्ष कृतिवासन तत्काल प्रभाव से सीईओ के रूप में कंपनी का नेतृत्व करेंगे। बीएसएफआई श्रेणी का इस समय कंपनी की आय में 31.5 प्रतिशत का योगदान है।

गोपीनाथन ने कहा कि वह 27 साल पहले टाटा इंडस्ट्रीज और 22 साल पहले टीसीएस से जुड़े थे और इस दौरान उन्होंने कभी भी नौकरी बदलने के बारे में नहीं सोचा। हालांकि, उन्होंने 15 सितंबर के बाद की अपनी योजनाओं का खुलासा नहीं किया। कृतिवासन ने एक वीडियो कॉन्फ्रेंस में कहा, टीसीएस की कार्य संस्कृति में यह नहीं है कि अगर कंपनी को कोई नया प्रमुख मिलता है तो उसमें आमूल-चूल रणनीतिक बदलाव हों। हम ग्राहकों पर ध्यान केंद्रित करते हुए काम जारी रखेंगे। बाजार की मांग को देखते हुए बदलाव होंगे। उन्होंने कहा, 'वन टीम' की हमारी संस्कृति बनी रहेगी। उन्होंने कहा, 'कंपनी में जब कोई नया सीईओ आता है तो हम रणनीतिक रूप से नहीं बदलते हैं लेकिन हम अपने ग्राहकों के अनुसार बदलेंगे। उन्होंने कहा, 'मैं आपूर्ति को दोगुना करने की उम्मीद करता हूं।'

# एक्सिस बैंक ने अपने ग्राहकों के लिए शीघ्रतापूर्वक आसानी से ट्रांजेक्शन के लिए यूपीआई लाइट को सक्षम बनाया

### इस नए फीचर से ग्राहक 200 रुपये तक के छोटे ट्रांजेक्शंस के लिए सिर्फ एक बार टैप करके तुरंत भुगतान कर सकेंगे

### पीक ऑवर्स के दौरान छोटे मूल्य के कई लेन-देन किए जा सकते हैं

**बिजनेस रेमेडीज/मुंबई।** भारत के तीसरे सबसे बड़े निजी बैंक, एक्सिस बैंक ने यूपीआई लाइट लॉन्च किया। इस नए फीचर से ग्राहक 200 रुपये तक के छोटे ट्रांजेक्शंस के लिए सिर्फ एक बार टैप करके तुरंत भुगतान कर सकेंगे और उन्हें यूपीआई पिन के उपयोग की जरूरत नहीं पड़ेगी। ग्राहक यूपीआई ऐप में अपने लाइट खाते को प्रबंधित कर सकते हैं जहां वे उपलब्ध शेष राशि, पिछले लेन-देन देख सकते हैं और टॉप-अप कर सकते हैं।

यूपीआई लाइट समाधान को नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा सितंबर, 2022 में लॉन्च किया गया था और एक्सिस बैंक इस नवाचार को अपनाने वाले प्रारंभिक बैंकों में से एक रहा है। एक्सिस बैंक यूपीआई लाइट का लाभ उठाने के लिए, ग्राहकों को अपने यूपीआई ऐप्स* में एक्सिस बैंक के लिए यूपीआई लाइट को सक्षम करना होगा। वे अपने ऐक्सिस बैंक खाते से अपने लाइट खाते में पैसा डालकर इस सुविधा का उपयोग कर सकते हैं। यह सुविधा वर्तमान में यूपीआई लाइट फीचर को सपोर्ट करने वाले यूपीआई ऐप्स में काम करेगी और उस यूपीआई ऐप्प में ग्राहकों का एक्सिस बैंक खाता होना चाहिए। इस सुविधा के लाभों में से एक यह है कि ग्राहक पीक आवर्स के दौरान बिना किसी परेशानी के छोटे मूल्य के कई लेनदेन भी कर सकते हैं।

लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, एक्सिस बैंक के प्रेसिडेंट और हेड - कार्ड्स एवं पेमेंट्स, संजीव मोघे ने कहा, 'पिछले एक दशक में, भारत में डिजिटल भुगतान में तेजी से वृद्धि हुई है और डिजिटल भुगतान को अपनाया गया है। यह आसान उपयोग वाले उत्पादों के साथ तकनी क जगत में हुई प्रगतियों और और कैशलेस अर्थव्यवस्था के लिए सरकार द्वारा दिए जा रहे जोर से प्रेरित है। यूनाइटेड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई), जो कि भारत का रीयल-टाइम भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र है, एक ऐसी शक्ति बन गया है जिसका उपयोग बिना किसी रुकावट के दमदार तरीके से आगे बढ़ा है। एक्सिस बैंक हमेशा अपने ग्राहकों को यूपीआई के विभिन्न भुगतान प्रवाहों को उपलब्ध कराने में सबसे आगे रहा है। हमने समर्पित यूपीआई बुनियादी ढांचे और उच्च टीपीएस को संभालने की क्षमता के बल पर अपने यूपीआई विकास को लगातार जारी रखा है; हमारा उच्च टीपीएस उच्चतम अनुमोदन दरों में से एक है। हमें विश्वास है कि एनपीसीआई के यूपीआई लाइट फीचर को अपनाने से एडॉप्शन रेट और मजबूत होगा।'

प्रवीना राय, सीओओ, एनपीसीआई ने कहा, 'यूपीआई लाइट बैंकों को कम संसाधनों का उपयोग करके बड़े पैमाने पर लेनदेन की प्रक्रिया करने के लिए सशक्त बनाएगी, जिससे यूपीआई प्लेटफॉर्म तेज, किफायती और सुविधाजनक बन सकेगा। आखिरकार, ग्राहकों के लिए इसका सुपरफास्ट भुगतान अनुभव लाभपूर्ण साबित होगा।'

(*) वर्तमान में केवल दो यूपीआई ऐप यूपीआई लाइट का समर्थन कर रहे हैं और निकट भविष्य में अन्य यूपीआई ऐप इस समाधान को सक्षम करेंगे।

### अनाधिकृत निवेश सलाहकार सेवाएं

## सेबी ने सांची रिसर्च पर दो साल का प्रतिबंध लगाया

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने सांची रिसर्च पर अनाधिकृत निवेश सलाहकार सेवाएं देने के लिए दो साल के लिए प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंध लगा दिया। यह प्रतिबंध सांची रिसर्च के संचालक रामगोपाल सेठ पर भी लगाया गया है। साथ ही उन्हें तीन महीने के भीतर निवेशकों को लगभग 43 लाख रुपये वापस करने होंगे। बाजार नियामक ने उन पर छह लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। सांची रिसर्च सेबी के पास पंजीकृत हुए बिना निवेशकों को निवेश सलाहकार सेवाएं दे रही थी।


## डायनेमिक केबल्स लिमिटेड

**पंजीकृत कार्यालयः एफ-260, रोड़ नं. 13, वीकेआई एरिया, जयपुर 302013 ( राजस्थान )**
**दूरभाष नं.: + 911412262589 फैक्स नं.: +911412330182**
**ईमेल आईडी : investor.relations@dynamiccables.co.in CIN L31300RJ2007PLC024139**

**पोस्टल बैलट का नोटिस**

सदस्यों को सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) की धारा 108 और 110 व अन्य लागू प्रावधानों, यदि कोई हो, के प्रावधानों कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) के नियम, 2014 के नियम 20 और 22 सपठित भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के विनियमन 44 (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 ("सूचीकरण विनियम) सामान्य बैठकों पर भारत के कंपनी सचिवों के संस्थान द्वारा जारी सचिवीय मानक ("एसएस-2"), सामान्य परिपत्र संख्या 14 / 2020 दिनांकित 8 अप्रैल, 2020, संख्या 17 / 2020 दिनांकित 13 अप्रैल, 2020, संख्या 22/2020 दिनांकित 15 जून, 2020, संख्या 33/2020 दिनांकित 28 सितंबर, 2020, संख्या 39 / 2020 दिनांकित 31 दिसंबर, 2020 संख्या 10/2021 दिनांकित 23 जून, 2021, संख्या 20/2021 दिनांकित 8 दिसंबर, 2021, संख्या 03 /2022 दिनांकित 5 मई, 2022 और संख्या 11/2022 दिनांकित 28 दिसम्बर 2022 कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी किया गया ("एमसीए परिपत्र") और अन्य लागू नियमों/ विनियमों/ दिशानिर्देशों/परिपत्रों/अधिसूचनाओं (किसी भी वैधानिक संशोधन (संशोधन), संशोधनों) को शामिल करते हुए या उस समय के लिए फिर से अधिनियमित) की अनुपालना में डायनेमिक केबल्स लिमिटेड ("कंपनी") कंपनी केवल रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग (ई-वोटिंग ") द्वारा पोस्टल बैलेट के माध्यम से कंपनी के सदस्यों की सहमति मांग रही है, जैसा कि पोस्टल बैलेट नोटिस दिनांक16 मार्च, 2023 में उल्लेख किया गया है। तदनुसार, पोस्टल बैलेट के लिए सदस्यों को नोटिस की भौतिक प्रति नहीं भेजी गई है।

एमसीए परिपत्रों के अनुपालन में व्याख्यात्मक विवरण और ई वोटिंग के निर्देशों के साथ पोस्टल बैलट नोटिस 17 मार्च 2023 को ई-मेल द्वारा उन सभी सदस्यों को भेजा गया है, जिनके ई-मेल आईडी शुक्रवार, 10 मार्च, 2023 ("कट ऑफ डेट") तक कंपनी / डिपॉजिटरी प्रतिभागियों / रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट (बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड) के पास पंजीकृत हैं। पोस्टल बैलेट नोटिस कंपनी की वेबसाइट यानी www.dynamiccables.co.in, सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड ( "सीडीएसएल) की वेबसाइट यानी www.evotingindia.com और बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट यानी www.bseindia.com और एनएसई लिमिटेड की वेबसाइट यानी www.nseindia.com पर भी उपलब्ध है।

कंपनी ने अपने सदस्यों को रिमोट ई वोटिंग सुविधा प्रदान करने के लिए सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) की सेवाएं ली हैं। रिमोट ई-वोटिंग की अवधि शनिवार, 18 मार्च, 2023 को सुबह 10.00 बजे (आईएसटी) से शुरू होगी और रविवार, 16 अप्रैल, 2023 को शाम 05.00 बजे (आईएसटी) समाप्त होगी। उसके बाद सीडीएसएल द्वारा ई- वोटिंग मॉड्यूल को निष्क्रिय कर दिया जाएगा। सदस्यों के वोटिंग अधिकार कट-ऑफ तारीख को कंपनी की पेडअप इक्विटी शेयर पूंजी में उनके द्वारा धारित शेयरों के अनुपात में होंगे। एक बार किसी संकल्प पर मतदान हो जाने के बाद, सदस्य बाद में इसे बदल नहीं सकेंगे। कृपया ध्यान दें कि सदस्यों की सहमति या असहमति का संचार केवल रिमोट ई वोटिंग सिस्टम के माध्यम से होगा। केवल वे सदस्य जिनके नाम कट-ऑफ तारीख को कंपनी के सदस्यों के रजिस्टर या डिपॉजिटरी द्वारा बनाए गए लाभार्थी स्वामी के रजिस्टर में दर्ज हैं, वे रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डालने के हकदार होंगे। जिन सदस्यों ने अपने ई-मेल पते डिपॉजिटरी के साथ पंजीकृत नहीं किए हैं, वे भी नोटिस में दी गई रिमोट ई वोटिंग की प्रक्रिया का पालन करके अपना वोट दे सकते हैं।

बोर्ड ने निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से पोस्टल बैलेट ई-वोटिंग प्रक्रिया के संचालन के लिए सीएस मनोज माहेश्वरी, (एफसीएस: 3355; सीओपी: 1971), प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरी को स्क्रूटिनाइजर के रूप में नियुक्त किया है और उनके अनउपस्थिति में सीएस प्रियंका अग्रवाल (एफसीएस: 11138; सीओपी: 15021), प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरी को वैकल्पिक स्क्रूटिनाइजर के रूप में नियुक्त किया है।

संवीक्षक अपनी रिपोर्ट कंपनी के अध्यक्ष या उसके द्वारा अधिकृत किसी अन्य व्यक्ति को मंगलवार, 18 अप्रैल, 2023 को या उससे पहले प्रस्तुत करेगा। डाक मतपत्र द्वारा किए गए मतदान के परिणाम संवीक्षक की रिपोर्ट के साथ उपलब्ध कराए जाएंगे। कंपनी की वेबसाइट www.dynamiccables.co.in पर और सीडीएसएल की वेबसाइट www.evotingindia.com पर और बीएसई लिमिटेड (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ द इंडिया लिमिटेड (एनएसई) को मंगलवार, 18 अप्रैल, 2023 को या उससे पहले से सूचीबद्ध किया जाएगा।

इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान की सुविधा से जुड़ी सभी शिकायतों को श्री राकेश दलवी, सीनियर मैनेजर, (सीडीएसएल), सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड, ए विंग, 25वीं मंजिल, मैराथन फ्यूचरेक्स, मफतलाल मिल कंपाउंड्स, एनएम जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई - 400013 को संबोधित किया जा सकता है या helpdesk.evoting@cdlindia.com पर ईमेल भेजें या 022-23058542/43 पर कॉल करें।

**दिनांक: 17 मार्च, 2023**
**स्थानः जयपुर**

**निदेशक मंडल के आदेश से**
**डायनेमिक केबल्स लिमिटेड के लिये**
**कृते/-**
**सुश्री नैना गुप्ता**
**कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी**
**M. No. A56881**